हिंदी का संवर्धन

हिंदी का संवर्धन

कोयला मंत्रालय सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को उच्च प्राथमिकता प्रदान की है और इस संबंध में परिणामोन्मुख प्रयास किए जा रहे हैं।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में हो रही दैनिक प्रगति की समीक्षा करने तथा सरकारी कामकाज में राजभाषा नियम और अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में सुझाव देने हेतु मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यरत है। इस समिति की बैठकें नियमित रूप से की जाती हैं तथा राजभाषा के प्रयोग की स्थिति के साथ—साथ राजभाषा नीति के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा की जाती है। मंत्रालय में प्रत्येक शुक्रवार को सरकारी कामकाज हिंदी में ही करने के आदेश जारी किए गए हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस समिति की चार बैठकें आयोजित की गई जिनमें इन सभी बिंदुओं पर की गई प्रगति पर चर्चा की गई।

माननीय कोयला मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 18 मई, 2022 को कोयला मंत्रालय की पुनर्गठित हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में की गई सिफारिशों पर अपेक्षित कार्रवाई की जा रही है।

हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय मंत्री जी की ओर से एक संदेश जारी किया गया जिसमें सरकारी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की गई। मंत्रालय में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के बारे में जागरूकता लाने तथा उसके प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से 14.09.2022 से 29.09.2022 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक श्रेणी के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 08 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सचिव (कोयला) द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण—पत्र दिए गए।

हिंदी में कार्य करने में अधिकारियों और कर्मचारियों की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मंत्रालय समय—समय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करता रहता है। वर्ष के दौरान तकनीकी विषयों पर केंद्रित चार हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग की स्थिति का जायजा लेने और राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप—समिति ने 03 जून, 2022 को मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय, सीएमपीएफओ, दिल्ली का निरीक्षण किया जिसमें मंत्रालय की ओर से राजभाषा का कार्य देख रहे संयुक्त सचिव ने उप निदेशक (राजभाषा) के साथ भाग लिया।

राजभाषा के कार्यान्वयन की स्थिति पर नजर रखने के लिए मंत्रालय द्वारा कोयला मंत्रालय के नियंत्रणाधीन आठ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया। सभी कार्यालयों को निरीक्षण रिपोर्ट भेजी गई और राजभाषा के प्रगामी प्रयोग संबंधी निदेश दिए गए।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा 15 नवंबर, 2022 को सचिव (राजभाषा) की अध्यक्षता में केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा का कार्य देख रहे संयुक्त सचिव ने उप निदेशक (रा.भा.) के साथ भाग लिया।

मंत्रालय में कार्मिकों के लिए एक लघु हिंदी पुस्तकालय है जिसमें हिंदी साहित्य की 250 से अधिक स्तरीय पुस्तकें हैं।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए गए।

निष्कर्षतः उपर्युक्त सभी प्रेरक और प्रोत्साहन प्रयासों का मंत्रालय में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

चित्र 1 : माननीय कोयला मंत्री जी मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए।

चित्र 2 : माननीय कोयला मंत्री जी मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में माननीय सदस्यों से चर्चा करते हुए।

चित्र 3 : सचिव, कोयला हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए।

चित्र 4 : सचिव, कोयला पुरस्कार विजेता को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए।